**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–30.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।**
2. **सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में रक्षा राज्य मंत्री सहित आठ पर नामजद प्राथमिकी दर्ज।**
3. **जमशेदपुर में झारखंड पुलिस और यूपी एसटीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में गैंगस्टर अनुज कन्नौजिया ढेर, माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के गिरोह का था सरगना।**
4. **आगामी पर्व त्यौहारों को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, खूंटी में किया गया मॉक ड्रिल, गिरिडीह में विशेष बल की तैनाती।**
5. **राज्य में तापमान बढ़ने का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक तेज गर्मी की जताई संभावना।**

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

*****************

भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची बंद के दौरान सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, पुलिस के साथ धक्का मुक्की करने सहित अन्य 15 आरोपों में पुलिस ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित आठ लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री सेठ ने कहा कि धरना पर बैठना अपराध नहीं है और उन्होंने जनप्रतिनिधि और राज्य का जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाया है।

*****************

राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पार्टी प्रभारी के. राजू ने जनमुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और हर माह बैठक कर समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई।

*****************

जमशेदपुर में झारखंड पुलिस और यूपी एसटीएफ के संयुक्त अभियान में माफिया मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर अनुज कन्नौजिया मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ डीएसपी डीके शाही भी घायल हो गए। यूपी एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की, जहां कन्नौजिया ने गोलीबारी शुरू कर दी। वह पांच साल से फरार था और उस पर हत्या, रंगदारी, जमीन कब्जा और हथियार तस्करी समेत 23 मामले दर्ज थे।

*****************

आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस सिलसिले में कल खूंटी में मॉक ड्रिल किया गया। मौके पर नगर पुलिस उपाधीक्षक वरुण रजक ने बताया कि आगामी ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व के दौरान उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*****************

इधर गिरिडीह जिले में आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बल तैनात किया गया है और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिले के शहरी और अनुमंडल क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक विमल कुमार और एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने शांति और भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील की।

****************

हिंदू नववर्ष आज से शुरू हो रहा है। इसे नवसंवत्सर भी कहा जाता है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग–अलग नामों से मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर सभी देशवासियों को गुड़ी पड़वा, युगादि, नवरेह, सजिबु नोंगमा चेरोबा, बिहू और चेती चॉद की शुभकामनाएं दी हैं। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी झारखंड वासियों को नव संवत्सर, विक्रम संवत 2082 की बधाई दी है।

****************

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिमडेगा जिले में जिला स्तरीय सहिया, एएनएम और सीएचओ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका की सराहना की।

****************

रांची में झारखंड मैथिली मंच के तत्वावधान में विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मिथिला समाज के व्यंजन, मधुबनी पेंटिंग, जैविक उत्पाद और परिधानों के स्टॉल लगाए गए। आयोजकों ने इसे मिथिला संस्कृति और परंपरा के प्रचार–प्रसार का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

****************

पाकुड़ जिले के सरकारी अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रशासन की ओर से पहल की जा रही है।

****************

देवघर पुलिस ने कल रात सल्लूराय डीह जंगल में छापेमारी कर 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। और उनके पास से 14 मोबाइल और 13 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। ये आरोपी फर्जी बैंक अधिकारी और कस्टमर केयर बनकर लोगों से ठगी कर रहे थे। पुलिस पिछले तीन दिनों से लगातार छापेमारी कर रही है और अब तक 40 अपराधी पकड़े जा चुके हैं।

****************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- गुमला जिले में सरहुल पर्व की पूर्व संध्या पर राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री चमरा लिंडा ने विद्यार्थियों को पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर वितरित किया। उन्होंने इसे आदिवासी संस्कृति की आत्मा बताया। साथ ही जिलेवासियों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएँ दीं।
- गिरिडीह जिले के डुमरी अनुमंडल में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1600 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ नष्ट किया। डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।
- दुमका जिले के बासुकीनाथ में कल देर शाम बस स्टैंड पर खड़ी पांच खाली बसों में अचानक आग लग गई। आग के कारणों का पता नहीं चल सका, फिलहाल प्रशासन जांच में जुटा है।

****************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। कल चाईबासा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा और रांची में अधिकतम तापमान 33 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

****************

आईपीएल क्रिकेट में कल अहमदाबाद में गुजरात टाईटन्स ने मुम्बई इंडियंस को 36 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में मुम्बई इंडियंस की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

*****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्तार के शूटर अनुज कनौजिया को मुठभेड़ में मार गिराने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–यूपी एसटीएफ ने मुख्तार गिरोह के शूटर अनुज कनौजिया को मार गिराया।

**प्रभात खबर की सुर्खी है**–केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित आठ पर केस।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**–हवा का रुख भांपे बिना आंसू गैस के गोले छोड़े, 15 स्कूली बच्चे बीमार।

**दैनिक जागरण लिखता है**–अलकतरा घोटाला मामले में पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच को सजा।

**रांची एक्सप्रेस ने लिखा है**–झारखंड में पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द, त्योहार पर सख्त निगरानी के निर्देश।

********समाप्त*********